Need to provide financial assistance to State Government of Maharashtra for construction and repair of roads in Nanded and Hingoli districts of the State.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान महाराष्ट्र के नांदेड़ और हिंगोली जिलों की सड़कों की दयनीय स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं। जो पक्की सड़कें हैं, उनके अन्दर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं और जो गांवों से कच्ची सड़कें पक्की सड़कों तक मिलाई गई थीं, वे सालों से इसी तरह पड़ी हुई हैं। जिला प्रशासन धन के अभाव में इन सड़कों की मरम्मत करने तथा कच्ची सड़कों को पक्की सड़कों में बदलने में असमर्थ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि राज्य सरकार की दयनीय स्थिति को देखते हुए उपरोक्त कार्य हेतु तुरन्त 50 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की कृपा करे और इस बात को भी सुनिश्चित करे कि यह धनराशि इसी कार्य पर खर्च की जाये।